# जापान को आठ विकेट से रौंदकर सेमीफाइनल में भारत



**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**निशिन (जापान), 18 सितंबर श्री चरणी (चार विकेट) और शेफाली वर्मा ( दो विकेट/ नाबाद 40) रन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशियाई खेलों की क्रिकेट स्पर्धा के चौथे क्वार्टरफाइनल में जापान की टीम को 90 गेंदें शेष रहते आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया.**

जापान के 57 रनों के जवाब में भारतीय टीम ने पांच ओवरों में दो विकेट पर 59 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया. शेफाली वर्मा ने 15 गेंदों में छह चौके और दो छक्के उड़ाते हुए (नाबाद 40) रन बनाये. ऋचा घोष छह गेंदों में (12) रन बनाकर नाबाद रही. भारत के दोनों विकेट दूसरे और तीसरे ओवर में जी कमालिनी (शून्य) और भारती फूलमाली (छह) रन के रूप में गिरे. जापान की ओर से नोनोहा यासुमोटो और अयाका काटो-स्टैफोर्ड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया.

इससे पहले आज यहां हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर जापान के खिलाफ पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी जापान की टीम के लिए हारूना इवासाकी और अयाका काटो-स्टैफ़ोर्ड की सलामी जोड़ी ने संघर्षपूर्ण शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 24 रन जोड़े. सातवें ओवर में श्री चरणी ने हारूना इवासाकी 22 गेंदों में (10) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. इसके बाद जापान के बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे संघर्ष करते नजर आये और उनकी पूरी टीम 19.5 ओवरों में 57 रन के स्कोर पर सिमट गई. अयाका काटो-स्टैफ़ोर्ड ने सर्वाधिक (25) रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 45 गेंदों का सामना किया और दो चौके भी लगाये. भारत की ओर से श्री चरणी ने 10 रन देकर चार विकेट लिये.

### श्रीलंका की महिला टीम भी सेमीफाइनल में



कप्तान चामरी अटापट्टू (63 रन/दो विकेट) और कविशा दिलहारी (नाबाद 44 रन/ दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका की महिला टीम ने शुक्रवार को तीसरे क्वार्टरफाइनल में मलेशिया को 86 रन से हराकर श्रीलंका ने एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बना ली. आज यहां पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद, श्रीलंका की शुरुआत धीमी रही. पहले चार ओवरों में टीम ने केवल 10 रन बनाए और इमेशा दुलानी का विकेट भी गंवा दिया. पांचवें ओवर में खेल की रफ्तार बदली, जब अटापट्टू ने आइसा एलिसा के ओवर में 23 रन बटोरे. इसके बाद हसिनी परेरा ने अगले ओवर में दो चौके लगाए, जिससे पावरप्ले के अंत तक श्रीलंका का स्कोर एक विकेट पर 38 रन हो गया. अटापट्टू ने आक्रामक खेल जारी रखा और 11वें ओवर में छक्का लगाकर मात्र 28 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया. दोनों बल्लेबाजो के बीच 80 रनों की साझेदारी हो चुकी थी, तभी नुरिन इमानिना ने तीन ओवरों के भीतर दो विकेट लेकर दोनों सेट बल्लेबाजों को आउट कर दिया. मलेशिया को मिली यह राहत अधिक देर तक नहीं रही, क्योंकि दिलहारी और हर्षिता समरविक्रमा के बीच 62 रनों की एक और बड़ी साझेदारी हो गई. दिलहारी ने अपने सभी छह चौके 16वें ओवर के बाद लगाए, जिससे श्रीलंका का स्कोर 4 विकेट पर 160 रन तक पहुंच गया. इसके बाद दिलहारी ने गेंदबाजी में भी शुरुआती झटके दिए. उन्होंने छठे ओवर की लगातार गेंदों पर वान जूलिया और मास एलिसा को आउट किया.

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 7 रन से हराया

## यशबर्धन चौहान ने जड़े 54 रन, अन्वय द्रविड़ ने बनाए 38 रन

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**राजकोट, 18 सितंबर यशबर्धन चौहान (54/ दो विकेट) रन, अन्वय द्रविड़ (38), आर्यवीर सहवाग (28) शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम बारिश प्रभावित पहले यूथ वनडे में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम को सात रनों से शिकस्त दी.**



183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए नील पटेल और हेडन बारबुलोविक की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत की.

सातवें ओवर में चौहान ने हेडन (45) रन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. इसके बाद 11वें ओवर में चौहान ने नील पटेल (40) को भी अपना शिकार बना लिया.

जेड होलिक (25) रन बनाकर आउट हुये. कप्तान जैक सॉसनेक ने 27 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुए (55) रनों की आतिशी पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने का प्रयास किया. 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चिगुरपति वेंकटा ने सॉसनेक को आउट कर ऑस्ट्रेलिया के मैच जीने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. आखिरी ओवरों में भारतीय गेंदबाजों बेहतरीन प्रदर्शन के आगे ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज सात विकेट पर 175 रन ही बना सके और उनकी टीम मुकाबला सात रनों से हार गई.

# द. कोरिया से 0-2 से पिछड़ने के बाद भारत मुश्किल में

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**सोल, 18 सितंबर. सोल में शुक्रवार को डेविस कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर के मुकाबले में दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत का पहला दिन 2-0 से पिछड़ने के साथ खत्म हुआ. दक्षिणेश्वर सुरेश और सुमित नागल दोनों ही अपने-अपने सिंगल्स मैच हार गए.**



भारतीय टेनिस टीम तब पिछड़ गई जब दुनिया के 367वें नंबर के खिलाड़ी दक्षिणेश्वर सुरेश, 157वीं रैंकिंग वाले क्वोन सून-वू से दो घंटे पांच मिनट में 6-3, 3-6, 4-6 से हार गए. इसके बाद, भारत के टॉप-रैंक वाले सिंगल्स टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल (दुनिया के 247वें नंबर के खिलाड़ी) दूसरे सिंगल्स मुकाबले में पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनलिस्ट चुंग ह्योन से 6-2, 4-6, 5-7 से हार गए.

सुरेश ने दूसरे गेम में क्वोन सून-वू की सर्विस तोड़ी और 3-0 की बढ़त बना ली.



# मनु-तजिंदर एशियन गेम्स में संभालेंगे तिरंगा

### तूर लगातार दो बार एशियाई चैंपियन

### 19 सितंबर को होगा उद्घाटन समारोह

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नागोया (जापान), 18 सितंबर. दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और एशियाई खेलों के मौजूदा चैंपियन गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर को भारत का ध्वजवाहक चुना गया है.**

दोनों खिलाड़ी शनिवार को नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे.

भारतीय दल के प्रमुख सहेदेव यादव ने शुक्रवार को पुष्टि की कि मनु भाकर उद्घाटन समारोह में तिरंगा संभालेंगी. इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने तजिंदरपाल सिंह तूर को दूसरा ध्वजवाहक बनाए जाने की जानकारी दी. मनु भाकर ने वर्ष 2024 के पेरिस ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया था. उनके इस प्रदर्शन ने भारतीय खेल जगत में नई पहचान बनाई.

वहीं, तजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में लगातार सफलता हासिल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं. उन्होंने पिछले दो एशियाई खेलों में गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते हैं और इस बार भी खिताब बचाने के इरादे से मैदान में उतरेंगे. एशियाई खेलों का उद्घाटन समारोह 19 सितंबर को जापान के नागोया में आयोजित किया जाएगा. भारतीय दल में विभिन्न खेलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं और टीम की नजर बेहतर प्रदर्शन के साथ पदक तालिका में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने पर होगी.

## एक नजर में

### सूर्यवंशी को अपनी बारी का इंतज़ार करना होगा



**नयी दिल्ली**. पंद्रह वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ज़िम्बाब्वे के पिछले दौरे पर प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ बने थे. इसके बावजूद उन्हें इस सीरीज़ में एक भी मैच खेलने का मौक़ा नहीं मिला. भारतीय टीम प्रबंधन ने उनकी जगह अनुभवी संजू सैमसन को प्राथमिकता दी, जिन्होंने लगातार दो अर्धशतक लगाकर अपने चयन को सही भी साबित किया. गंभीर ने कहा कि सूर्यवंशी भले ही एक युवा और एक्साइटिंग प्रतिभा हैं, लेकिन उन्हें अपनी बारी का इंतज़ार करना होगा. गंभीर ने कहा, 'सैमसन की भी अपनी प्रतिभा है, जिसकी वजह से वह विश्व कप में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट बने थे और उन्होंने टीम के लिए पर्याप्त योगदान दिया है. उनको टीम या एकादश से बाहर करना एक कठिन फ़ैसला होता है. इंग्लैंड सीरीज़ में उन्हें बाहर करना मेरे कोचिंग कार्यकाल का सबसे कठिन फ़ैसला था.

### अगरकर के कार्यकाल को लेकर कोई फैसला नहीं

**मुम्बई**. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की शुक्रवार को हुई वार्षिक बैठक में अजीत अगरकर के कार्यकाल के विस्तार को लेकर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ. बैठक में बोर्ड के पदाधिकारियों को सीनियर पुरुष चयन समिति के बारे में फैसला लेने का अधिकार दिया गया है. क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार आज हुई बैठक में बोर्ड के पदाधिकारियों को सीनियर पुरुष चयन समिति के बारे में फैसला लेने का अधिकार दिया गया है. अगरकर के इस पद पर बने रहने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, भले ही बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में ब्रिटन दौरे पर भारत के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए हुई बैठक में उनकी गैर-मौजूदगी को ज़्यादा अहमियत नहीं दी. उनके पद पर सवाल तब से उठ रहे हैं जब लॉर्ड्स वनडे से पहले रोहित शर्मा वाला मामला सामने आया था. खबरों के मुताबिक, चयनकर्ताओं ने पूर्व कप्तान को बताया था कि वह टीम की योजनाओं का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन बाद में बीसीसीआई को दखल देना पड़ा.

### 21 सितंबर से शुरू होंगे महिलाओं के मैच

**देहरादून**. उत्तराखंड प्रीमियर लीग (यूपीएल) के तीसरे सीजन का शेड्यूल जारी कर दिया गया है. 21 सितंबर से 1 अक्टूबर तक देहरादून के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम (रायपुर) में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत 21 सितंबर को महिला वर्ग के मुकाबलों के साथ होगी, जबकि पुरुष वर्ग का पहला मैच 22 सितंबर को हरिद्वार एल्मास और नैनीताल टाइगर्स के बीच खेला जाएगा. टूर्नामेंट का आगाज 21 सितंबर को सुबह 11:00 बजे महिला वर्ग में पिथौरागढ़ हरिकेन्स और देहरादून वॉरियर्स के बीच मैच से होगा. इसके बाद दोपहर 3:00 बजे बागेश्वर एरियल का सामना मसूरी क्वींस से होगा. महिला प्रतियोगिता में चार टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनकी कमान आइकॉन प्लेयर्स के हाथों में है.

### गिल को सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण




**नयी दिल्ली**. भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया है कि हालिया समय में भारतीय खिलाड़ियों की फ़िटनेस एक प्रमुख समस्या बनकर उभरी है और यह भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं मिल पा रही है, ख़ासकर जब अगला वनडे विश्व कप सिर्फ़ एक साल दूर है.भारतीय टीम इस समय अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फ़िटनेस की समस्याओं से जूझ रही है. टीम के प्रमुख ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अभी रिहैब पर हैं और उन्हें वापसी करने के लिए इंडिया ए मैचों का सहारा लेना पड़ रहा है. टीम के प्रमुख गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह भी आईपीएल 2026 के दौरान से ही फ़िटनेस की समस्याओं से जूझ रहे हैं और टीम से लगातार अंदर-बाहर होते रहे हैं. हालांकि अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ तीन मैचों की टी 20 सीरीज़ में उन्होंने सफल वापसी की है.

# क्विंसी टेकबॉल एकल के सेमीफाइनल में

## युगल टीम ने भी क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नागोया (जापान) 18 सितंबर भारत की क्विंसी जोआकिम डिसूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेल 2026 में टेकबॉल के महिला एकल स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है.**



इसके साथ ही क्विंसी जोआकिम डिसूजा ने अपने साथी मोहम्मद अनस इमरान बेग के साथ मिश्रित युगल मुकाबले में फिलीपींस की जोड़ी के खिलाफ जीत दर्ज करते हुए क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया. क्विंसी ने दुनिया की 7वें नंबर की खिलाड़ी जापान की युईना साकामोटो को 2-1 (10-12, 12-11, 13-11) से हराया. इसके बाद कम्बोडिया की कोएमयेन डीवाई को सीधे सेटों में 2-0 (12-9, 12-7) से मात दी. उन्होंने अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसके कारण उन्हें क्वार्टर फाइनल में बाई मिली और सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश मिला.

### जोआना क्वार्टर फाइनल में

अब शनिवार को सेमीफाइनल में उनका सामना इंडोनेशिया की सुमाया से होगा. टेकबॉल की मिश्रित युगल मुकाबले में क्वींस ने अपने भारतीय साथी इमरान बेग के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ग्रुप ए के मुकाबले में फिलीपींस की जोआना अबुलेंसिया और प्रिंस अगस्टिन को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.

# प्लेयर ऑफ़ द मैच-सीरीज बने अभिषेक




**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नयी दिल्ली, 18 सितम्बर भारत की अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी 20 में तूफानी शतक बनाने वाले अभिषेक शर्मा को प्लेयर ऑफ़ द मैच और प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ दोनों का पुरस्कार मिला.**

अभिषेक ने गुरूवार को मैच के बाद कहा, ''मैंने पहले भी कहा है कि हम ऐसा पिछले दो साल से कर रहे हैं और एकाध ख़राब सीरीज़ से हमारा मूल्यांकन नहीं हो सकता. एक बल्लेबाज़ और क्रिकेटर के तौर पर उतार-चढ़ाव आता है लेकिन एक टीम के तौर पर हम क्या सोचते हैं यह मायने रखता है. यह प्रोसेस पर निर्भर करता है, मैं सीरीज़ से पहले काफ़ी तैयारी करता हूं और एक बल्लेबाज़ के तौर पर मैं काफ़ी स्पेसिफ़िक तौर पर सोचता हूं कि पावरप्ले में कैसे बल्लेबाज़ी करनी है और किनके ख़िलाफ़ आक्रमण करना है.

### मैं खुद को बांधना नहीं चाहता हूं...


अभिषेक ने कहा, ''ऐसे में कोच और कप्तान से समर्थन मिलना ज़रूरी होता है और मुझे काफ़ी समर्थन मिल रहा है. मैं किसी एरिया तक ख़ुद को बांधना नहीं चाहता हूं, मैं बॉल को देखकर हिट करने का प्रयास करता हूं और आने वाले मुक़ाबलों में भी ऐसा ही करूंगा. हमारी टीम में कल्चर यही है कि हमें पावरप्ले में अधिक से अधिक रन बटोरने हैं और विपक्षी टीम पर हावी होना है.

# रॉक से बदल सकता है रोमन का मुकाबला

## ओबा फेमी के साथ प्रस्तावित मुकाबला टलने की संभावना

### द रॉक की वापसी से बढ़ी हलचल

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 18 सितंबर. डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े इवेंट रेसलमेनिया 43 को लेकर अभी से चर्चाएं तेज हो गई हैं. रोमन रेंस के संभावित ऐतिहासिक मुकाबले पर अब संशय के बादल छा गए हैं.**



हाल ही में खबर सामने आई थी कि अगले साल होने वाले रेसलमेनिया में रोमन रेंस और ओबा फेमी के बीच मुकाबला कराया जा सकता है. हालांकि, द रॉक की संभावित वापसी ने इस योजना में बदलाव की अटकलों को जन्म दे दिया है. रेसलिंग विशेषज्ञ सैम रॉबर्ट्स के अनुसार, अगर द रॉक रेसलमेनिया 43 में हिस्सा लेते हैं तो डब्ल्यूडब्ल्यूई रोमन रेंस और द रॉक के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित मुकाबले को प्राथमिकता दे सकती है.

ऐसी स्थिति में रोमन रेंस और ओबा फेमी के मुकाबले को आगे के लिए टाला जा सकता है. ओबा फेमी को डब्ल्यूडब्ल्यूई के भविष्य के बड़े सितारों में शामिल माना जा रहा है. विशेषज्ञों का कहना है कि कंपनी उन्हें धीरे-धीरे आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है और उन्हें तुरंत बड़े मुकाबले में उतारने के बजाय सही समय का इंतजार किया जा सकता है.

## एशियाई खेल: पुरुष टीम करेगी गोल्ड का बचाव, महिला टीम भी खिताब की दावेदार

# गोल्ड और ओलंपिक टिकट पर भारत की नजर

### 20 सितंबर से शुरू होगा भारत का अभियान

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**आइची-नागोया (जापान), 18 सितंबर भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें 20वें एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं.**




दोनों टीमें एक स्पष्ट लक्ष्य के साथ जापान पहुंची हैं - गोल्ड मेडल के लिए चुनौती देना और लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करना. हॉकी प्रतियोगिता काकामिगहारा में खेली जाएगी, जिसमें भारतीय पुरुष टीम 20 सितंबर को इंडोनेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, जबकि महिला टीम भी उसी दिन उज्बेकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरेगी. पुरुष टीम को इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, बंगलादेश और श्रीलंका के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि महिला टीम उज्बेकिस्तान, इंडोनेशिया, थाईलैंड, जापान और सिंगापुर के साथ पूल बी में है. हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में अपने-अपने अभियानों के बाद दोनों टीमों के लिए एशियाई खेल और भी महत्वपूर्ण हो गए हैं. भारतीय पुरुष टीम वर्ल्ड कप में आठवें स्थान पर रही, जबकि भारतीय महिला टीम ने पांचवां स्थान हासिल करके 52 वर्षों में अपना सर्वश्रेष्ठ वर्ल्ड कप प्रदर्शन किया.

भारतीय पुरुष टीम के लिए, एशियाई खेल 2023 में हांगझाऊ एशियाई खेलों में जीते गए गोल्ड मेडल का बचाव करने का मौका है. भारत के खिताब बचाने के प्रयास के साथ 2028 ओलंपिक खेलों के लिए सीधे क्वालिफिकेशन का अतिरिक्त प्रोत्साहन भी जुड़ा है. कप्तान हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व और कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में, टीम जापान में नई शुरुआत करते हुए हालिया अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अपने अनुभव का लाभ उठाने की कोशिश करेगी. फुल्टन ने नतीजों पर सोचने के बजाय वर्ल्ड कप से मिली सीख को अमल में लाने के महत्व पर ज़ोर दिया है.

फुल्टन ने कहा, 'ये सीख हैं, और इन्हें असल सीख मानने का एकमात्र तरीका है कि उस सीख को काम में बदला जाए. अब हमें यही करना है. हमने हर चीज़ पर चर्चा की है, हर पहलू को देखा है और उन क्षेत्रों की पहचान की है जिनमें सुधार की ज़रूरत है. साथ ही, अब बात काम करने की है.' भारतीय पुरुष टीम मौजूदा एशियाई चैंपियन के तौर पर टूर्नामेंट में उतर रही है, क्योंकि उन्होंने राजगीर में 2025 का मेन्स एशिया कप जीता था. उनके एशियाई रिकॉर्ड में चार एशियाई खेलों के गोल्ड मेडल शामिल हैं, जिनमें से सबसे हालिया जीत 2023 में हांगझाऊ में मिली थी.